# <u>आवश्यक सूचना</u>

**प्रदेश स्तरीय एकेडमिक बैंक आफ क्रेडिट (एबेकस-यूपी/ABACUS-UP) पोर्टल पर छात्रों द्वारा पंजीकरण कर वांछित सूचना अपलोड करने के संबंध में।**

बीए, बीएससी एवं बीकॉम प्रथम वर्ष (द्वितीय सेमेस्टर) के समस्त छात्र छात्राओं को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (NEP 2020) के अंतर्गत प्रवेश लेने वाले छात्रों का एबेकस-यूपी पोर्टल पर डेटाबेस तैयार किया जाना है। अतः उपर्युक्त कक्षाओं के छात्र-छात्राएं अतिशीघ्र एबेकस-यूपी के वेबसाइट पर अपना रजिस्ट्रेशन कर वांछित सूचनाएं भर कर फार्म आवश्यक रूप से ऑनलाइन सबमिट कर दें।

पंजीकरण एवं वांछित सूचनाएं भरने की प्रक्रिया निम्नवत है-

१. महाविद्यालय के विद्यार्थी एबेकस-यूपी पोर्टल के वेबसाइट **http://abacus.upsdc.gov.in** पर जाकर "स्टूडेंट' (Student) टैब क्लिक करें।
२. इसके बाद न्यू रजिस्ट्रेशन (New registration) पर क्लिक करें।
३. अपने मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी को नियत स्थान पर भर कर ओटीपी जनरेट करें।
४. मोबाइल/मैसेज में मिले ओटीपी (OTP) को वेरीफाई करें एवं पासवर्ड बनाएं एवं रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूर्ण करें।
५. मोबाइल नंबर एवं पासवर्ड की सहायता से लॉगिन करें एवं वांछित सूचनाएं पूर्ण करें।
६. छात्र-छात्राएं उपर्युक्त प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु दिए गए यूट्यूब लिंक https://youtu.be/uTxE87qSeCY पर अपलोड किये गए वीडियो की सहायता ले सकते हैं।
७. प्रक्रिया पूर्ण करने में किसी प्रकार की कठिनाई आने पर सहयोग हेतु छात्र-छात्रायें अपने संकाय/विभाग के प्राध्यापकों से भी संपर्क कर सकते हैं।

**प्रो.संजय श्रीवास्तव**
**नोडल अधिकारी**
**एबेकस**